16- MAY-Jash-Bhoomi pg-2-new_Layout 1 5/16/2024 8:01 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### भूविज्ञान विभाग में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के भूविज्ञान विभाग में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य अखिलेश पांडेय, अध्यक्ष डॉ.केके दुबे विभागाध्यक्ष भूविज्ञान विभाग तथा भूविज्ञान विभाग के सहायक प्रध्यापक आदित्य सिंह बघेल, लेख नारायण साहू एवं सुश्री रुचि तिवारी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रो.अखिलेश पांडेय ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने भविष्य के लिए अध्ययन के प्रति प्रेरित किया। वे छात्रों को सलाह देते हुए बोले कि वे हमेशा सतत प्रयास करें और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहे। छात्रों ने अपनी शिक्षा की सफलताओं और अपने अनुभवों को साझा किया। इसके साथ ही, समारोह में संगीत, नृत्य और कविता पाठ की विभिन्न प्रस्तुतियों ने उत्साह और उत्सव की भावना को बढ़ाया। छात्रों ने अपने उपस्थित प्राध्यापको और भूवैज्ञानिक सोसाइटी का आभार व्यक्त किया और उन्हें उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। समारोह के अंत में उपस्थित छात्र छात्राओं ने एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियों की बुनियाद रखी। यह विदाई समारोह छात्रों के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव रहा।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए निकाली गई लॉटरी

**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल हरदीबाजार में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए पालकों व नागरिकों की उपस्थिति में नियमों के साथ लाटरी पद्धति से छात्रों का चयन किया गया। जिसमें पहली क्लास में 134 छात्रों के द्वारा फॉर्म भरा गया था, जिसमें से 117 बच्चे पात्र निकले। 117 में से 50 छात्रों का चयन हुआ। कक्षा दूसरी क्लास में कुल 27 आवेदन भरे गए थे, जिसमें 24 पात्र आवेदन थे, जिसमें एक छात्र का चयन करना था ।

# दो महीने में एक बार आया पानी, अब जलधारा के लिए तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**मामला कोरबा ब्लाक के ग्राम पंचायत गेरांव का**

अलग खबर

कोरबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत गेरांव के आश्रित ग्राम कमरन में ग्रामीणों को जल जीवन मिशन का पानी केवल होली के दिन ही मिला है और अब तक गांव के ग्रामीण जल जीवन मिशन की जलधारा देखने तरस गए हैं और अफसर दफ्तरों में बैठकर जल जीवन मिशन की फाइल निपटाने में लगे हुए हैं। वहीं ग्रामीण पानी को तरस रहे हैं।

लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग के द्वारा ग्रामीण अंचलों में केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन अंतर्गत घर घर नल कनेक्शन देने की योजना पर कार्य किया था। ठेकेदार के माध्यम से कराए जा रहे कार्यों में जिले के सभी विकासखंड में हुए पाइप लाइन बिछाने, टंकी निर्माण, टेप नल कनेक्शन जैसे कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है, किंतु किसी भी ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई है। बताया जाता है कि विकासखंड कोरबा अंतर्गत ग्राम पंचायत गेवरांव के आश्रित ग्राम में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पाइन लाइन बिछाने के साथ घर घर नल कनेक्शन दिया गया था। काम पूरा होने के बाद पंचायत से पूर्णता प्रमाण पत्र लेकर ठेकेदार ने दफ्तर में अपने बिल भी स्वीकृत करा लिए, किंतु गांव के ग्रामीणों को केवल होली के दिन ही उनके घर के टेप नल में पानी आया है और उसके बाद अब तक उनके घरों में लगे टेप नल कनेक्शन से पानी नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों की मानें तो गांव के कुएं से ही प्यास बुझाई जा रही है। जल जीवन मिशन के नल से जलधारा देखने ग्रामीण तरस गए हैं।

**खास बातें**

- जल जीवन मिशन से किया गया था पाइप लाइन बिछान का काम
- अब तक नहीं मिला थी फेस कनेक्शन



**पंचायत ने दिया है सत्यापन प्रमाण पत्र**

गांव के ग्रामीणों ने बताया कि उनके घरों में केवल होली के दिन ही पानी आया है, उसके बाद से आज पर्यंत तक पानी नहीं आया। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों ने नल कनेक्शन दिए जाने के बाद ग्रामीणों को पानी मिल रहा है या नहीं यह जाने बिना ही ठेकेदार को सत्यापन प्रमाण पत्र दे दिया और दफ्तर के अफसर गांव में झांकने तक नहीं आए कि पानी आ रहा है या नहीं। इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से की गई है, किंतु अब तक गेरांव पंचायत के ग्राम कमरन के ग्रामीणों के समस्या का निदान नहीं हो सका है।

## दंतैल हाथी ने एक घंटे तक रोकी हाईवे की रफ्तार



एनएच में सड़क किनारे खड़ा दंतैल हाथी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का झुंड लंबे समय से डेरा डाला हुआ है और हाथी अब हाईवे को ही अपना स्थाई ठिकाना बना चुके हैं और अक्सर हाथी इस हाइवे को पार कर जंगल के इधर-उधर जाते हैं। बताया जाता है कि एक दंतैल हाथी आज हाईवे पर आ धमका था। जिसकी वजह से हाईवे की रफ्तार लगभग 1 घंटे तक रुकी हुई थी। जब वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो किसी तरह घंटों मशक्कत के बाद उसे जंगल में खदेड़ा गया जिसके बाद हाईवे की रफ्तार को पुनः बहाल किया गया। मामला कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र की है। बताया जाता है कि एक दंतैल हाथी ग्राम कापानवापारा के पास आ धमका था और सड़क के किनारे ही विचरण कर रहा था। जिसकी वजह से कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग में आना-जाना करने वाले लोगों ने अपनी रफ्तार रोक रखी थी। जब कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने तत्काल के केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे को टीम के साथ मौके पर भेजा और घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह दंतैल हाथी को सायरन बजाकर जंगल की ओर खदेड़ा गया।

**खास बात**

- केंदई वन परिक्षेत्र की कापानवापारा के समीप डाला हुआ था डेरा

## सीएसईबी प्लांट में चोरी करने वाले गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पकड़े गए कबाड़ चोर।

सीएसईबी पावर प्लांट में स्क्रेप की चोरी करने वाले गिरोह के 8 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के स्क्रेप बरामद किया गया है।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी पॉवर प्लांट में सुरक्षा निरीक्षक के पद पर पदस्थ रामाश्रय ध्रुव पिता बी०आर० ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 मई की सुबह रामाश्रय स्क्रेप यार्ड में रखे समान की जांच कर रहा था तो यार्ड में लोहे के स्क्रैप के कुछ सामान नहीं दिखाई दिये। जिस पर मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर ममले की छानबीन शुरु की गई। थाना प्रभारी दर्री विनोद सिह के नेतृत्व में दर्री पुलिस टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपीयों एवं मशरूका की पता तलास एवं धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा था। इस बीच मुखबीर से सूचना मिली कि कल्मीडुग्गू निवासी शंकर वर्मा उम्र 28 वर्ष पिता श्याम सुदर वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने घटना को करना स्वीकार किया तथा शंकर वर्मा की निशानदेही पर 7 अन्य आरोपी कल्मीडुग्गू निवासी हरीश केवट उम्र 27 वर्ष पिता रामकुमार] राजा पवार उम्र 24 वर्ष पिता मदनलाल, विशाल केवट उम्र 19 वर्ष पिता मोहन, राकेश सुनानी उम्र 20 वर्ष पिता प्रदीप, यशवंत सिंह उम्र 20 वर्ष पिता छोटू सिंह, प्रमोद सिंह उम्र 22 वर्ष पिता मन्नू लाल, मनीष कुमार केवट उम्र 22 वर्ष पिता कीर्ति कुमार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

### एटीएम मशीन से चोरी करने का प्रयास, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ी उपरोड़ा के कोनकोना स्थित आईडीबीआई बैंक में लगे एटीएम मशीन से बीती रात्रि चोरी करने का प्रयास किया गया है, हालांकि आरोपी को इस कार्य मे सफलता नही मिल पाई,एटीएम मशीन में करीब 2 लाख रुपये थे,चोर बैंक की दीवार में सेंध मारकर एटीएम मशीन के पास पहुंचा था और इसने एटीएम मशीन को किसी औजार से तोड़ने का भरपूर प्रयास किया लेकिन चोर मशीन को तोड़ने में कामयाब नही हो पाया और थक हारकर बिना चोरी किये भाग गया,जानकारी अनुसार बैंक में लगे कैमरे में चोर देखा गया है जो करीब 4:45 बजे तक एटीएम मशीन के पास मौजूद था।

## तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला पर भालू ने किया हमला, मौत



भालू हमले से मृत महिला का शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गई हुई थी। इस बीच अलसुबह उसका सामना एक जंगली भालू से हो गया और भालू ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। महिला और भालू के बीच द्वंद होता रहा लेकिन कोई मदद नहीं मिली जिससे भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां मामले में वैधानिक कारवाई कर मृत महिला के परिजनों को वन विभाग की ओर से आर्थिक सहायता की राशि प्रदान कर दी गई है।

मामला कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज का है। बताया जाता है कि ग्राम सिमगा में निवास करने वाली सीताबाई 60 वर्ष पति मुखीराम रोज की तरह बुधवार की अलसुबह तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गई हुई थी। जहां कक्ष क्रमांक ओए 689 पर तेंदूपत्ता तोड़ रही थी। इसी दौरान जंगल से भटककर एक भालू मौके पर आ धमका और सीताबाई से सीधा उसका सामना हो गया। सीताबाई और भालू के बीच द्वंद होता रहा। जहां भालू ने महिला पर हमला कर दिया और महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जब तक महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता सीताबाई की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौके पर मौत हो चुकी थी।

**खास बात**

- कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज के ग्राम सिमगा का मामला






## खबर संक्षेप

### क्लीनिक के सामने से बाइक चोरी

**रायगढ़।** शहर के जूटमिल थाना क्षेत्र के ओडिशा रोड डूमरमुडा वार्ड क्रमांक 8 निवासी कृष्णा दास महंत विगत 12 मई को सुबह 8.30 बजे इतवारी बाजार सब्जी बेचने के लिए आया थाए जिससे बाजार में भीड़ होने के कारण उसने अपनी बाइक को सिटी डेंटल केयर के सामने रोड किनारे खड़ी कर बाजार में सब्जी बेचने लगाए ऐसे में दोपहर करीब 12.30 बजे तक उसकी सब्जी बिक गई तो उसने अपने घर जाने के लिए निकला तो देखा कि उसकी एचएफ डिलक्स बाइक गायब थी। जिससे उसने आसपास के लोगों से काफी पुछताछ किया लेकिन कुछ पता नहीं चलाए साथ ही कृष्णा दास ने शाम तक बाइक की तलाश में घूमते रहा जिससे पता चला कि किसी अज्ञात चोर ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया है। ऐसे में उसने घटना की शिकायत थाना में दर्ज कराया है, जिससे पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोड़ातराई के समीप एक अज्ञात पिकअप चालक ने बाइक सवार दो युवको को ठोकर मार दी। जिससे में बाइक में पीछे की सीट पर बैठे युवक की मौत हो गई तो वहीं बाइक चला रहा युवक घायल हो गया। सूचना मिलने पर जूटमिल पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में जूटमिल थाना क्षेत्र में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक शशि भोय ने बताया कि लोचन नगर स्थित स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस में कार्यरत सुदाम साहू पिता मनोरंजन साहू उम्र 28 वर्ष कंपनी का ब्रांच मैनेजर है। वह अपने साथी कर्मचारी रवि कुमार विष्णुजी खोटले के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 6 एचए 5875 से कंपनी के काम के सिलसिले से ही पुसौर की ओर जा रहा था। मोटरसाइकिल को सुदाम चला रहा था और रवि कुमार पीछे बैठा था, वे पुसौर जाने के लिए कोड़ातराई चौक से मुड़े थे और कुछ ही दूरी पर पहुंचे थे कि इसी बीच पीछे से एक तेज रफ्तार पिकअप ने ठोकर मार दी। जिससे बाइक पर पीछे बैठा रवि गिर गया और उसकी मौत हो गई। वहीं सुदाम घायल हो गया। इस दुर्घटना के बाद मौके पाकर पिकअप चालक फरार हो गया। सूचना मिलने पर जूटमिल पुलिस मौके पर पहुंची और सारी औपचारिकताएं पूरी की गई। वहीं आरोपी पिकअप चालक की तलाश की जा रही है।

### अवैध शराब बिक्री पर पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़।** आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में थाना खरसिया और चौकी खरसिया की टीम द्वारा खरसिया टाउन के शराब भट्टी के पास संचालित 06 अवैध चकना दुकान के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36, च की कार्रवाई की गई। वहीं आम रास्ते में शराब सेवन कर रहे 14 नशाखोरों पर खरसिया पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 36, च1 के तहत कार्यवाही किया गया है। इसी कड़ी में आज सुबह भोर में प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम भदरीपाली में प्रायमरी स्कूल के पीछे भदरीपाली का भेषज कुमार डनसेना एक अन्य व्यक्ति को साथ लेकर अवैध भट्ठी लगाकर महुआ शराब बनाकर बिक्री किया।

**न्यायालय तहसीलदार, कुनकुरी**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला- जशपुर तहसील कुनकुरी प.ह.न. -00024 कुनकुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- MD20232456030330003O

ईश्तहार

तहसील कुनकुरी के प.ह.न. 00024 के अंतर्गत ग्राम कुनकुरी के वर्तमान भूमिस्वामी विनोद पिता रघुराय पिता/पति- पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 478/37(0.0160) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता संतोषी पिता/पति विनोद पता-सा देह, गुंजा पिता/पति विनोद पता-सा देह मु अरुणा पिता/पति विनोद पता-सा देह, अनिल श्रीवास्तव पिता/पति विनोद पता-सा देह, लक्ष्मी पिता/पति विनोद पता-सा देह के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/05/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार, कुनकुरी पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/04/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार: MUKHDEV YADAV**
**कुनकुरी जिला जशपुर (छ.ग.)**

## सत्तीगुड़ी व घड़ी चौक से अवैध कब्जा हटाया, सामान जब्त

# अतिक्रमण हटाने सड़क पर उतरे यातायात डीएसपी व निगम की टीम





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के घड़ी चौक व सत्तीगुड़ी चौक खेले गुमटियों के जरिए अतिक्रमण करते हुए नो वेंडिंग जोन में व्यापार करने वाले पर गुरूवार को यातायात डीएसपी सहित निगम की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इस जगह को अतिक्रमण मुक्त किया गया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण करने वाले फल विक्रेताओं के कई सामान भी जब्त किए गए।

गौरतलब है कि शहर मे घड़ी चौक के बायीं ओर की जगह को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। बावजूद इसके वहां कई महिनों से फल विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से ठेले गुमटियां लगाकर व्यापार किया रहा था। अहम बात यह है कि नो वेंडिंग जोन के खंभे से सटा ही अपने ठेले गुमटी से व्यापार किया जा रहा था। ऐसे मे वहां अक्सर फल आदि खरीदने वाले क्रेताओं की गाड़ियों के सड़क पर खड़े होने कारण जाम लग जाता था। इसमें मुख्य बात यह है कि जहां नो वेंडिंग जो बोर्ड लगाया गया है, वहां ही इस तरह से अतिक्रमण करते हुए व्यवसाय किया जा रहा है। इससे पहले भी निगम अमले द्वारा अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई थी, इससे कुछ वर्ष पहले निगम ने हर शुक्रवार को शहर से अतिक्रमण हटाने का एक अभियान चलाया था। किंतु इन तमाम कोशिशों के बाद भी शहर में सड़क किनारे अतिक्रमण करने का मामला लगातार और बढ़ता जा रहा है।

### कई जगहों पर नो वेंडिंग जोन का पालन नहीं

अहम बात यह है कि निगम और यातायात पुलिस ने अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए कई जगहो को नो वेंडिंग जोन घोषित करते हुए बोर्ड लगा कर बकायदा चिंहाकिंत किया है, किंतु वर्तमान में इसका पालन नहीं हो रहा है। बल्कि जहां जहां इस बोर्ड लगाए गए हैं उन्हीं जगहों पर पहले से अधिक अतिक्रमण नजर आ रहा है। इसके साथ ही शहर में कई जगह ऐसी हैं, जहां बोर्ड नहीं लगने से वहां भी हर सप्ताह एक नया ठेला खुल रहा है।

### नियमों को मानने तैयार नहीं व्यापारी

निगम व यातायात विभाग ने सड़क पर उतर कर इससे पहले भी कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए संयुक्त कार्रवाई की है। शहर में घड़ी चौक, केवड़ाबाड़ी, सत्तीगुड़ी चौक, चक्रधरनगर, कलेक्टोरेट, स्टेशन चौक, गर्ल्स कॉलेज रोड़ पर अतिक्रमण करते हुए व्यापार किया जा रहा है। यहां तक एसपी कार्यालय के समीप भी अतिक्रमण करने वाले ठेला गुमटियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

### अतिक्रमण से यातायात होता है बाधित

शहर में संकरी सड़को की किनारे अवैध अतिक्रमण करते हुए व्यापार करने के कारण वहां खरीददारी करने वाले लोग अपनी बाइक आदि को सड़क पर ही रखने को मजबूर हो जाते हैं, ऐसे में हर दिन इन जगहों पर जाम लग जाता है। अतिक्रमण के कारण ही खास तौर पर शाम के वक्त शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर जाती है।

### अभियान का प्रथम चरण, जारी रहेगी कार्रवाई : डीएसपी

ट्रैफिक डीएसपी शरद चंद्रा ने कहा कि अतिक्रमण हटाने का प्रथम चरण था। इसके तहत जनता की शिकायतों वाले स्थलों पर कार्रवाई की गई। यह स्थल प्रमुख सड़कों और चौराहों से संबंधित थे। इन क्षेत्रों की निगरानी की जाती रहेगी। साथ ही अगले चरण में शहर के अंदरूनी भाग की प्रमुख सड़को पर भी कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक विभाग नगर के प्रमुख चौराहों पर पसरते अतिक्रमण पर भी नजर जमाये हुए है।




# राइस मिलों में लगा चावल का ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में करीब 18 मिलियन टन चावल का स्टॉक रखा हुआ है, जिसका निराकरण नहीं हो पा रहा है। गोदाम लबालब भरे हुए हैं। ऐसे में नया चावल जमा करने की कोई जगह ही नहीं है। रायगढ़ जिले में एफसीआई के गोदामों की कुल जितनी क्षमता हैए उससे तीन गुना चावल जमा करना बाकी है। जिले में एफसीआई के करीब 12 गोदाम हैं।

रायगढ़, औरदा, गढ़उमरिया, लोहरसिंग और खरसिया में सीडब्ल्यूसी व एसडब्ल्यूसी के गोदामों को किराए पर लेकर चावल जमा किया जाता है। रायगढ़ के सभी गोदामों की क्षमता 79886 एमटी है जबकि खरसिया में 32016 एमटी चावल जमा किया जा सकता है। वर्तमान में रायगढ़ के गोदामों में कुल 75445 एमटी चावल भंडारित है। वहीं खरसिया में 28886 एमटी चावल का स्टॉक है। इस तरह कुल क्षमता 1,11,882 एमटी में से 7551 एमटी जगह ही खाली है। यह हाल तब है जब राइस मिलरों का आधा चावल भी जमा नहीं हो सका है, जबकि धान उठाव हुए चार महीने गुजर चुके हैं। अब चावल जमा की बात करें तो हैरान करने वाले आंकड़े सामने आते हैं। रायगढ़ जिले के मिलरों का करीब 1,84,853 एमटी चावल जमा होना बाकी है। इधर सारंगढ़ के मिलरों का चावल भी यहीं जमा होना है। वहां के मिलरों को 1.79 लाख एमटी चावल जमा करना है। इस तरह कुल जमा करने योग्य चावल करीब 3.63 लाख एमटी है। इतनी तो एफसीआई के सभी गोदामों की कुल क्षमता नहीं है।

### नहीं लग रही रेलवे की रैक

रेलवे जब रायगढ़ में एफसीआई का चावल ले जाने के लिए रैक देगी तभी गोदाम में जगह खाली होगी। छग का धान उठाने के लिए एफसीआई ने टारगेट जरूर बढ़ाया था लेकिन यह अब नुकसान कर रहा है। धान खरीदी पर कंट्रोल नहीं हो सका जिसका नतीजा सामने है। एक रैक लगने से 3000 एमटी चावल की जगह बनती है। एक महीने में अधिकतम आठ रैक लगेगी तो भी 24 हजार एमटी चावल ही जमा हो सकेगा। जबकि 3.63 लाख एमटी चावल जमा करना है। इतनी जगह तो गोदामों में भी नहीं है।

# रेल रोको आंदोलन के मामले में अरूण गिरफ्तार, जमानती मुचलके पर रिहा

**रायगढ़।** बीते सितंबर 2023 में रेल रोको आंदोलन के मामले मे अब तक करीब 18 कांग्रेसी नेताओं की गिरफ्तारी आरपीएफ में हो चुकी है, जिन्हें जमानती मुचलके पर रिहा किया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष सारंगढ अरूण मालाकार को भी गिरफ्तार करते हुए जमानती मुचलके पर रिहा किया गया। गौरतलब है कि बीते 13 सितंबर 2023 को रेलवे के निजीकरण व ट्रेनों को लगातार रद्द किए जाने सहित अन्य मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला के नेतृत्व में रेल रोको आंदोलन किया गया था।



आंदोलन के दौरान कांग्रेस कार्यालय से एक रैली निकाल कर बैनर पोस्टर के साथ कांग्रेसी रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां। रेलवे लाईन नंबर 1, 2 एवं 3 पर बैठकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया। इसके बाद उन्हें आरपीएफ व पुलिस प्रशासन ने सभी प्रर्दशनकारियों को रेलवे ट्रैक से हटाया। किंतु इस दौरान लाईन नंबर 2 पर आ रही एक गाड़ी को कांग्रेसियों ने संयुक्त क्रू लॉबी के पास रोक दिया। जहां कुछ प्रदर्शनकारियों ने इंजन के सामने बैठकर नारे बाजी की। इस दौरान कांग्रेसियों ने करीब 20 मिनट तक गाड़ी को रोके रखा। जिसके बाद रेलवे ने सभी कांग्रेसी नेताओं की पहचान कर उनके खिलफ रेलवे अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध करने के निर्देश दिए थे। इस के तहत आरपीएफ में अब तक पूर्व विधायक प्रकाश नायक सहित करीब 18 कांग्रेसी नेताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में रेल अधिनियम की धारा 174 (1), 147 के तहत कार्रवाई करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया था। जिसमें आरोपियों की पहचान करते हुए अब तक 18 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इसी क्रम में पहचान उपरांत रेलवे सुरक्षा पोस्ट में उपस्थित होकर बयान दर्ज कराने हेतु समंस जारी किया था। समंस के अनुपालन में 14 मई को आरोपी अरूण मालाकार पिता पदुमलाल उम्र 51 वर्ष निवासी हाउस नंबर 54/02 क, चौहान पारा, मुडपार थाना सारंगढ जिला कॉग्रेस कमेटी अध्यक्ष सारंगढ़ उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि वे उक्त दिनांक को रेल रोको आंदोलन में शामिल थे। जमानतीय अपराध होने के कारण मालाकार को जमानत पर छोड़ दिया गया।

### सारंगढ़ के खेलभांठा में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 20 से

**सारंगढ़।** खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के इच्छुक बच्चों, खिलाड़ियों के लिए ग्रीष्मकालीन निःशुल्क खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। यह 21 दिवसीय प्रशिक्षण खेलभांठा सारंगढ़ में 20 मई से 10 जून तक किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में बैडमिंटन, फुटबॉल, सॉफ्टबॉल, वालीबॉल, क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण खेल विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। इस निःशुल्क प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए खेल प्रभारी अधिकारी कौशल ठेठवार को 9977115799, खेल प्रशिक्षक राजाराम उरांव 8889110879 और मोहन कैवर्त को 9907911443 से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। नवीन जिले में पहली बार निशुल्क खेल प्रशिक्षण का आयोजन होने से खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## शहर में आक्सीजोन बनाने तीन स्थलों का चयन

**रायगढ़।** एक बार फिर शहर के बड़े रामपुर, बोईरदादर व जूटमिल छठ घाट में नगर निगम द्वारा आक्सीजोन बनाने की कवायद शुरू की जा रही है। नगर निगम की ओर से पर्यावरण को सरंक्षित करने के उद्देश्य से पूर्व में महापौर जानकी काटजू के नाम पर जूटमिल छठ घाट में जानकी की वानिकी के नाम से आक्सीजोन का निर्माण कराया गया था।

इस आक्सीजोन के बनने से पहले ही एसटीपी का कार्य प्रारंभ हो चुका था। जिसकी जानकारी निगम के अधिकारियों को भी बावजूद इसके एसटीपी पाईप लाईन बिछाये जाने के रास्ते में ही लाखों रूपए खर्च कर आक्सीजोन बना दिया गया। पौधों के बढ़ने से पहले ही एसटीपी पाईप लाईन के लिए खुदाई कर दी गई और आक्सीजोन बर्बाद हो गया। इतना ही नहीं पौधों की सुरक्षा




के लिए लगाए गए फेंसिंग वायर इत्यादि भी चोरी हो गए। विपक्ष में बैठी भाजपा ने निगम प्रशासन पर शासन के पैसों का दुरूपयोग करने का आरोप भी लगाया था। वहीं अब एक बार फिर से नगर निगम द्वारा उक्त आक्सीजोन का नवनिर्माण करने पर विचार किया जा रहा है। इतना ही नहीं बल्कि जूटमिल छठ घाट के साथ बड़े रामपुर व बोईरदादर क्षेत्र में भी आक्सीजोन बनाया जाएगा।

## पार्थिवी अघरिया मंच के तत्वावधान में फ्री समर कैंप का आयोजन

**रायगढ़।** कोतरा रोड राम बाग स्थित रवि कला केंद्र में पार्थिवी अघरिया महिला मंच के द्वारा 6 मई से 11 मई तक निः शुल्क फ्री समर कैंप का आयोजन संपन्न हो गया। बच्चो के मन में उठते सवालों का जवाब जानने हेतु आर्ट एंड क्राफ्ट, इंग्लिश ग्रामर, जीके स्पिरिचुअल स्टोरी भगवान जी से जुड़ी कथाएं सुनाई गई।

जीवन में अध्यात्म का महत्व को समझाया गया। मानव जीवन को भटकाव से बचाने एवं मानव मूल्य का इतिहास जानने के लिए गीता का ज्ञान भी दिया गया। योग मय जीवन शैली के महत्व पर प्रकाश डाला गया। रोग मुक्त जीवन शैली को अपनाकर जीवन के हर लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सकता




है। दिनचर्या में योग को शामिल किए जाने की सरल विधि बताई गई। नियमित बच्चो को योग सिखाकर हर दिन योग को जीवन में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जीवन के हर क्षेत्र का विस्तार करने हेतु इस छह दिवसीय समर कैंप में म्यूजिकल नृत्य के साथ साथ कंप्यूटर से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी मुहैया कराई गई। यह समर कैंप बच्चो का आत्मविश्वास बढ़ाने में कामयाब रहा।

### 20 लीटर महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम गोर्वधनपुर रायगढ़ में रहने वाला बुडूराम खलखो अपने घर के बाहर महुआ शराब बिक्री करने के लिए रखा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल पुलिस टीम कार्रवाई के लिए रवाना किए। पुलिस टीम मौके पर गवाहों को लेकर मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश देकर संदेही बुडूराम खलखो को हिरासत में लिया गया जिसके कब्जे से 05-05 लीटर क्षमता वाली चार प्लास्टिक जरिकेन में पूरा भरा हुआ 20 लीटर महुआ शराब कीमती 4 हजार का जप्त किया गया है। आरोपित बुडूराम खलखो 58 वर्ष निवासी ग्राम गोर्वधनपुर के कृत्य पर धारा 34,2, 59,क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# महिला मित्र को बदनाम करने की धमकी देकर मांगे रुपए, गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना तमनार क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली युवती द्वारा उसके मित्र देवनारायण नायक उसे मोबाइल पर कॉल कर सोशल मीडिया पर चरित्रहीन साबित करने की धमकी देकर रुपयों की मांग करने की लिखित शिकायत थाने में की गई थी। पीड़ित युवती ने 28 मार्च को थाना तमनार में आरोपी देवनारायण के विरुद्ध कार्रवाई के लिए लिखित आवेदन देकर बताया कि देवनारायण के साथ पढ़ी है इसलिए उसे जानती पहचानती है। देवनारायण उसकी जानकारी के बगैर इसके फोटो और नाम का उपयोग कर इंस्टाग्राम पर एक आईडी बनाया जिसमें उसने कई आपत्तिजनक फोटो वीडियो अपलोड किया और इसी आईडी से उसने कई लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी और युवती के जान पहचानन वालों को अनाप-शनाप मैसेज करने लगा। इसी बीच 3 मार्च की सुबह देवनारायण ने युवती को कॉल कर धमकी दी कि 50 हजार देना पड़ेगा नहीं तो सोशल मीडिया पर तुम्हें चरित्रहीन साबित कर तुम्हारी जिंदगी बर्बाद कर दूंगा। युवती ने ऐसा ना करने की विनती की उसके बाद भी देवनारायण द्वारा युवती के जान पहचान वालों को फेक आईडी से संपर्क कर रहा था। पीड़ित युवती द्वारा 28 मार्च को देवनारायण पर कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत प्रस्तुत की जिस पर थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा धारा 384 आईपीसी 66ग, 67 आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया गया। आरोपी युवक गिरफ्तारी के भय से गांव से फरार था। कल रात आरोपी को उसके गांव में देखे जाने की सूचना पर तमनार पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया।

# स्ट्रांग रूम में मतगणना की तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर, किया व्यवस्था का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आगामी 4 जून को होने वाले मतगणना हेतु गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। यहां विधान सभावार मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। जिसका कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने निरीक्षण किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, एआरओ रायगढ़ प्रवीण तिवारी उपस्थित रहे।



स्ट्रांग रुम व मतगणना स्थल का निरीक्षण करते कलेक्टर।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोयल ने स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक आवाजाही हेतु कॉरिडोर में बेरिकेटिंग एवं आवश्यक सुरक्षा संबंधी व्यवस्था समेत सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल, बैठक व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतगणना कक्ष में व्यवस्थित तरीके से तार की जालियां लगाने एवं बाहर से बेरिकेट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार गणना अभिकर्ता की बैठक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी विधान सभाओं के लिए स्ट्रॉन्ग रूम से मतगणना कक्ष में मशीनों के मूवमेंट हेतु आवश्यक बेरिकेट्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि स्ट्रॉन्ग रूम से निकलने वाला व्यक्ति गणना कक्ष में पहुंचते तक सीसीटीवी कैमरे की नजर में रहें, इस दौरान उन्होंने मतगणना के दौरान गणना कक्ष में सीसीटीवी के डिस्प्ले लगाने संबंधी निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रत्याशियों एवं गणना अभिकर्ता के आवाजाही को सहज बनाने सुरक्षा बलों के साथ विधान सभाओं के गणना कक्ष के अलग प्रवेश द्वार तथा अन्य विधान सभाओं के कॉरीडोर में बेरिकेट्स लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने स्ट्रॉग रूम की आवाजाही का निरीक्षण करते स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निरीक्षण पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने मीडिया सेंटर के संबंध में जानकारी ली। केआईटी कॉलेज परिसर में भवन के सामने मीडिया सेंटर के साथ उद्घोषक कक्ष बनाया जाएगा।







